NOT TO BE REPUBLISHED @KTBS

घोषित संख्याएँ	निर्मित समूह	समूहों की संख्याएँ	बाहर किये गये सदस्य
1		12	0
2		6	0
3		4	0
4		3	0
5		2	2
6		2	0
7		1	5
8		1	4
9		1	3
10		1	2
11		1	1
12		1	0

NOT TO BE REPUBLISHED @KTBS

उपरोक्त सारणी का अवलोकन करके निम्नोक्त सारणी को पूरा कीजिए :

समूह सदस्य जो बाहर नहीं किये गये उनकी घोषित संख्याएँ	बचे समूह सदस्य जिनकी संख्याएँ घोषित की गयी
1,2,………………………..	5,…………………….

पहले स्तंभ की संख्या 12 के गुणनखण्ड है.

1, 2, 3, 4. 6 और 12 - ये बारह के गुणनखण्ड हैं।

दूसरे स्तंभ की संख्या 12 के गुणनखण्ड नहीं हैं।

5, 7, 8, 9, 10, 11 - ये 12 के गुणनखण्ड नही हैं।

अगर 1, 2, 3, 4. 6 और 12 - ये 12 के गुणनखण्ड हों तो 1, 2, 3, 4, 5, 6 और 12 के आधार पर 12 को क्या कहा जाता है ?

निम्नोक्त सारणी का अवलोकन कीजिए :

1	× 12	=	12
2	× 6	=	12
3	× 4	=	12
4	× 3	=	12
6	× 2	=	12
12	× 1	=	12

12 को 1, 2, 3, 4, 6 और 12 गुणज कहाजाता है।

मान लें कि $3 \times 8 = 24$, 3 और 8, 24 के गुणनखण्ड और 24, तीन और 8 के गुणज कहे जाते हैं।

इसलिए गुणनखण्ड और गुणज एक दूसरे से संबंधित हैं ।

©KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

उदाहरण 2

x	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
1												12
2						12						
3				12								
4			12									48
5												
6		12						48				
7												
8						48						
9												
10												
11												
12	12			48								

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

पहली पंक्ति की संख्याएँ हैं - 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8, 9, 10, 11 और 12 हैं। ये संख्याएँ 1 के गुणज हैं।

दूसरी पंक्ति की संख्याएँ - 2, 4, 6, 8, 10, 12, 14, 16, 18, 20, 22 और 24 हैं। ये संख्याएँ 2 के गुणज हैं।

7, 9 और 11 के गुणजों की सूची तैयार कीजिए।

निम्नोक्त उदाहरणों का अवलोकन कीजिए।

1 तो 1 का गुणज है। $1 \times 1 = 1$

2 तो 2 का गुणज है। $2 \times 1 = 2$

6 तो 6 का गुणज है। $6 \times 1 = 6$

9 तो 9 का गुणज है। $9 \times 1 = 9$

11 तो 11 का गुणज है। $11 \times 11 = 11$

उपरोक्त उदाहरणों से हम निष्कर्ष कर सकते हैं कि - हर एक संख्या स्वयं का एक गुणज है।

निम्न उदाहरणों का अवलोकन कीजिए :

1, 1 का गुणज है $1 \times 1 = 1$

2, 1 का गुणज है $1 \times 2 = 2$

5, 1 का गुणज है $1 \times 5 = 5$

10, 1 का गुणज है $1 \times 10 = 10$

15, 1 का गुणज है $1 \times 15 = 15$

ऊपर के उदाहरण से हम निष्कर्ष कर सकते हैं कि हरेक संख्या '1' का गुणज है।

उदाहरण 3

8 गुणन फल प्राप्त करने के लिए कौन सी दो संख्याओं का गुणा करना है ?

$1 \times 8 = 8$, $2 \times \square = 8$, $4 \times \square = 8$, $8 \times \square = 8$

8 के गुणनखण्ड 1, 2, 4 और 8 हैं।

NOT TO BE REPUBLISHED @KTBS

उदाहरण 4

48 के गुणनखण्ड ज्ञात कीजिए।

$1 \times 48 = 48$, $2 \times \square = 48$, $3 \times \square = 48$, $4 \times \square = 48$

$6 \times 8 = 48$, $8 \times \square = 48$, $12 \times \square = 48$, $16 \times \square = 48$

$24 \times \square$ 48, $48 \times \square = 48$

$\therefore$ 48 के गुणनखण्ड हैं, 1, 2, 3, 4, 6, 8, 12, 16, 24 और 48.

हम निष्कर्ष कर सकते हैं कि जब हम गुणनफल प्राप्त करने दो या दो से अधिक संख्याओं को गुणा करते है तो गुणा की गई संख्याओं को गुणनफल के गुणनखण्ड कहते हैं।

निम्नोक्त सारणी का अवलोकन कीजिए :

गुणज	गुणनखण्ड	भाग	शेष
48	2	$48 \div 2 = 24$	शून्य
48	3	$48 \div 3 = 16$	शून्य
48	8	$48 \div 8 = 6$	शून्य
48	12	$48 \div 12 = 4$	शून्य

हम निष्कर्ष कर सकते हैं कि दी गई संख्या को अगर पूर्ण रूप से भागकर शेष शून्य रहता है तो वह संख्या, दत्त संख्या का गुणनखण्ड है।

क्या आपको मालूम है ?

एक दत्त संख्या के गुणनखण्डों का योगफल, संख्या का दुगना है तो, तब उस संख्या को पूर्ण संख्या कहते हैं। 6 के गुणनखण्ड 1, 2, 3, और 6 हैं। 6 के सभी गुणनखण्डों का योगफल 1+ 2 + 3 + 6 = 12, वह संख्या का दुगना है। $2 \times 6 = 12$ इसलिए, प्रथम पूर्ण अंक 6 है। अन्य पूर्ण अंकों को ज्ञात कीजिए।

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

गुणनखण्ड वृक्ष

किसी भी संख्या को दो संख्याओं के गुणनफल के रुप में अभिव्यक्त (बता) कर सकते हैं। इसे वृक्ष के रुप में आकृति द्वारा प्रस्तुत कर सकते हैं।

उदाहरण 1

24 के गुणनखण्ड-वृक्ष लिखिए :



$24 = 2 \times 12$

$24 = 2 \times 2 \times 6$

$24 = 2 \times 2 \times 2 \times 3$

$\therefore 24 = 2 \times 2 \times 2 \times 3$

उदाहरण 9

निम्नोक्त गुणनखण्ड वृक्ष को पूरा कीजिए :



$24 = 3 \times 8$

$24 = 3 \times \square \times \square$

$24 = 3 \times \square \times \square \times \square$

$\therefore 24 = 3 \times \square \times \square \times \square$

उदाहरण 10

निम्नोक्त गुणनखण्ड वृक्ष को पूरा कीजिए :



$24 = 4 \times 6$

$24 = \square \times \square \times \square \times \square$

$\therefore 24 = \square \times \square \times \square \times \square$

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

∴ इसतरह एक दत्त संख्या के गुणनखंड वृक्ष को किसी भी दो गुणनखण्डों से प्रारंभ कर सकते हैं।

उदाहरण 4

18 के गुणनखण्ड वृक्ष लिखिए



$18 = 3 \times 6$

$18 = 3 \times \square \times \square$

$\therefore 18 = 3 \times \square \times \square$

उदाहरण 5

18 के गुणनखण्ड वृक्ष पूरा कीजिए :



$18 = 2 \times 9$

$18 = 2 \times \square \times \square$

$\therefore 18 = 2 \times \square \times \square$

गुणनखण्ड वृक्ष के विभिन्न गुणनखण्डों को लेकर विभिन्न रीतियों में लिख सकते हैं।

याद रखने की बातें

1. हर एक संख्या 1 का गुणज है।
2. एक संख्या का गुणज, संख्या से या तो सम रहता है या संख्या से बडा रहता है।
3. 1 तो हर एक संख्या का गुणनखण्ड है।
4. हरेक संख्या स्वयं ही एक गुणनखण्ड है

@KTBS
NOT TO BE REPUBLISHED

अभ्यास 4.1

1) **4 के गुणजों को नीले रंग से वृत्ताकार में रखिए, 6 के गुणजों को (+) चिन्ह से अंकित कीजिए और 9 के गुणजों को रेखांकित कीजिए (पेन्सिल से)।**

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
11	12	13	14	15	16	17	18	19	20
21	22	23	24	25	26	27	28	29	30
31	32	33	34	35	36	37	38	39	40
41	42	43	44	45	46	47	48	49	50
51	52	53	54	55	56	57	58	59	60
61	62	63	64	65	66	67	68	69	70
71	72	73	74	75	76	77	78	79	80
81	82	83	84	85	86	87	88	89	90
91	92	93	94	95	96	97	98	99	100

2) निम्नोक्त संख्याओं में 7 के गुणनखण्डों को वृत्ताकार में अंकित कीजिए।
7, 13, 14, 21, 22, 35, 42 और 45

3) निम्नोक्त संख्याओं में 12 के गुणजों को वृत्ताकार में अंकित कीजिए।
6, 12, 18, 24, 30, 36, 42, 48, 54, 60, 66, 72

4) 50 और 60 के बीच के 2 के गुणजों को लिखिए।

5) 50 और 100 के बीच के 15 के गुणजों को लिखिए।

6) निम्नोक्त संख्याओं के 5 गुणजों को लिखिए।
15, 17, 19 और 23

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

7) निम्नोक्त संख्याओं में 24 के गुणनखण्ड कौन से है ?

1, 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8, 9, 10, 12, 14, 16, 18, 20, 22 और 24

8) निम्नोक्त संख्याओं के कोई दो गुणनखण्डों को लिखिए :

6, 18, 28, 36, 42, 48

9) निम्नोक्त संख्याओं के सभी गुणनखण्डों को लिखिए :

9, 13, 20, 26, 40

10) निम्नोक्त संख्याओं के लिए गुणनखण्ड वृक्ष लिखिए

12, 20, 28, 32 और 36

11) छुटी हुई संख्याओं को लिखते हुए निम्नोक्त गुणनखण्ड वृक्ष को पूरा कीजिए :

1)



2)



@KTBS
NOT TO BE REPUBLISHED

D6F5B1

अध्याय - 5

भिन्न

इस अध्याय के अध्ययन के बाद आप इन में समर्थ होंगें।

- भिन्न के अर्थ का विवरण दे सकेंगें।
- दत्त परिस्थिति के लिए भिन्न लिख सकेंगें।
- भिन्न के लिए उदाहरण दे सकेंगे।
- इन भिन्नों की तुलना कर है जब
  (अ) होता समान हर (ब) होता है समान अंश
- बडे तथा छोटे भिन्नों का पता लगा सकेंगें।
- समतुल्य भिन्नों के अर्थ का विवरण दे सकेंगें।
- एक दत्त भिन्न के समतुल्य भिन्नों को लिख सकेंगें।
- समतुल्य भिन्नों को पहचान सकेंगें।
- संख्या रेखा पर $\frac{1}{4}, \frac{1}{2}, \frac{3}{4}$ इनको पहचान सकेंगें। (ढूंढ सकेंगे हैं)
- एक दत्त भिन्न के आपसी संबंध की मात्रा (दर्जा) बता सकेंगें।
- बडे भिन्न घटक छोटे घटक भिन्नों के रुप में सरल कर सकेंगे (सामान्य खण्ड से विभाजन करके) कर सकते हैं।

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

पूर्ण के भाग के रुप में भिन्न

उदाहरण 1

जब आप **'आधा - आधा'** कहते हैं तो तब पूर्ण भाग को कितने भागों में तोडते हैं? दो भाग

दो आधे भागों से एक पूर्ण भाग बनता है।

निम्नोक्त भागों का अध्ययन कीजिए :

अ ब स



दो असमान भाग | दो असमान भाग | दो समान भाग

आप इनमें ''आधा'' किसे कहते हैं ? क्यों ?

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

आकृति 'स' में पूर्ण भाग को दो समान भागों में विभाजित किया है। हरेक भाग - एक आधा भाग है।

'आधे' को $\frac{1}{2}$ से व्यक्त करते हैं।

उदाहरण 2 :

इन वृत्ताकार काट को देखिए। हरेक को 4 भागों में विभाजित किया गया है। उनको जो काटा गया है क्या उस में कोई अंतर है ?



आकृति 2 (अ)



आकृति 2 (ब)

आकृति 2 (अ) में हम उसके किसी भी भाग को चुनकर कह सकते है कि यह वृत्ताकार काट का एक चौथाई भाग कह सकते है। क्यों कि पूर्ण भाग को समान भागों में विभाजित किया है।

आकृति 2 'ब' मे क्या हम उसे कह सकते हैं कि वह पूर्ण भाग का एक चौथाई भाग है ?.................... नहीं । क्यों ?

मुख्य बात यह -है-कि यदि एक भिन्न को पूर्ण के एक भाग है ऐसा कहना हो तो हमें पूर्ण के समान भाग बनाना होगा।

उदाहरण 3

इस आयताकार आकृति को देखिए। इस आयताकार का कौन सा भाग छायांकित है ? वह तीन में एक है। यहाँ पूर्ण आयताकार आकृति को तीन भागों में विभाजित किया गया हैं उनमे से एक भाग छायांकित है उसे $\frac{1}{3}$ लिखा जाता है।

उदाहरण 4 :

यहाँ पर दिये गये वृत्त का देखिए। उसे कितने समान भागों में विभाजित किया है ? उसे 6 समान भागों में विभाजित किया है।



@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

उसके कितने भागों में धन (+) लगाया गया है।

6 भागों में एक भाग है। उसे $\frac{1}{6}$ जैसे लिखा जाता है।

वृत्त के कितने भागों में ''बिन्दु (.)'' लगाये गये हैं ? वह छः मे से 2 भाग हैं। उसे $\frac{2}{6}$ लिखा जाता है।

अंश (Numerator) और हर (Denominator)

इन भिन्नों को देखिए : $\frac{1}{2}, \frac{1}{4}, \frac{1}{8}$

एक भिन्न में दो संख्याएँ होती हैं जिन में एक के ऊपर दूसरे को लिखा जाता है तथा एक रेखा से अलग करते हैं।

$\frac{\text{अंश}}{\text{हर}}$ $\frac{1}{2}, \frac{1}{4}, \frac{1}{8}$

जो संख्या रेखा के ऊपर है उसे अंश और जो संख्या रेखा के नीचे है उसे हर कहते हैं। एक केक (Cake) को आठ सम भागों में विभाजित किया है $\frac{1}{8}$। प्रत्येक सम भाग को $\frac{1}{8}$ के रूप व्यक्त करते है। $\frac{1}{8}$ एक भिन्न है। भागों की कुल संख्या 8 है। वही हर है। निकाला हुआ भाग 1 है। इसे अंश के रूप में अभिव्यक्त करते हैं।



©KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

$\underline{1}$ → $\underline{\text{अंश}}$

8 → हर



इस आकृति में चार भागों मे से एक को छायांकित किया गया है,

$\underline{1}$ → $\underline{\text{अंश}}$

4 → हर

नीचे दिया हुआ त्रिभुज देखिए



$$\frac{\text{छायांकित भाग की संख्या}}{\text{समान भागों की कुल संख्या}} = \boxed{\frac{1}{2}} \begin{array}{l} \rightarrow \text{अंश} \\ \rightarrow \text{हर} \end{array}$$

$$\frac{\text{जो भाग छायांकित नही है}}{\text{समान भागों की कुल संख्या}} = \boxed{\frac{1}{2}} \begin{array}{l} \rightarrow \text{अंश} \\ \rightarrow \text{हर} \end{array}$$

इन उदाहरणों से हम निष्कर्ष करते हैं कि

- भिन्न पूर्ण का एक भाग है
- एक भिन्न को लिखने हमें दो संख्याओं की आवश्यकता होती है।
- पूर्ण भाग के जितने भागों की संख्या है वही हर बनता है
- चुने गये समान भागों की संख्या अंश है।



$$\frac{3}{4} \begin{array}{l} \rightarrow \\ \rightarrow \end{array} \frac{\text{अंश}}{\text{हर}} \begin{array}{l} \leftarrow \\ \leftarrow \end{array} \frac{7}{8}$$



तीन बटा चार

सात बटा आठ

©KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

भिन्न संग्रहण के एक भाग के रुप में

उदाहरण 1



यह 10 लेबलों का संग्रहण है। इनको दो समान भागों मे विभाजित कीजिए। इनमें हर एक भाग में 5 लेबल स्थित रहते हैं।

इसलिए 10 का $\frac{1}{2}$, 5 है।

उदाहरण 2

निम्नोक्त संग्रहणों के भिन्न के भागों का अध्ययन कीजिए।

अ) $\frac{1}{2}$ संग्रह को यहाँ छायांकित बनाया है।

$\therefore$ 6 का $\frac{1}{2}$ '3' है



ब) इस संग्रहण का $\frac{3}{4}$ छायांकित बनाया है।

8 का $\frac{3}{4}$ तो 6 है।



स) इस संग्रह का $\frac{2}{3}$ रंगीन बनाया गया है।

6 का $\frac{2}{3}$ तो 4 है।



@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

उदाहरण 3

अब्दुल की थाली में 13 मैसूरपाक हैं। वह 2 मैसूरपाकों को अपने मित्र डिसोज़ा को देता है। क्या आप बता सकते हैं कि

13 में से डिसोजा को मैसूर पाक के कितने भाग मिलते हैं ? वह 13 में से 2 हैं।

यहाँ 13 संग्रह की कुल संख्या हैं

इसमें से 2 लिया गया है।

इसलिए उसे $\frac{2}{13}$ लिख सकते हैं।

उसे 2 बटा तेरह - करके पढ़ सकते हैं।

उदाहरण 4

मनोहर अपने दूकान मे टमाटर बेचता है।



थाली मे 17 टमाटर हैं। वह $\frac{1}{2}$ के.जी वजन देखता है और उसमें 5 टमाटर पाता है। क्या आप बता सकते है कि टमाटर का कौन सा भाग उन्होंने पाया?
वह 17 में 5 है।
यहाँ संग्रहण की कुल संख्या 17 है।
ली गई टमाटर की संख्या 5

इन उदाहरणों से हम निष्कर्ष कर सकते हैं कि भिन्न का अंर्थ संग्रहण का एक भाग है।

भिन्न - समूह के एक भाग के रूप में

उदाहरण 1

यह हरि की मिठाई की दूखान है।



मैसूरपाक्   लड्डू   जिलेबी

हरि की मिठाई की दूकान में कौन सी मिठाइयाँ हैं?
शेल्फ (Shelf) के कौन से भाग में लड्डुओं रखा गया है

वह $\frac{1}{3}$ है और उसे एक तिहाई अथवा तीन में से एक भाग पढते है।

हरी विजू को $\frac{7}{20}$ लड्डू बेचना चाहता है।
विजू को कितने लड्डू मिलते हैं ? वे 7 हैं।

NOT TO BE REPUBLISHED @KTBS

उदाहरण 2

यह मणी की सब्जी की दूकान है



कौन सी वेजिटबल को विशालतम क्षेत्र में रखा गया है __________

वह कौन सा भाग है __________ वह $\frac{2}{6}$ या $\frac{1}{3}$ है

गाजरों को रखने कौन से भाग का उपयोग किया गया है ? वह $\frac{1}{6}$ है।

उपरोक्त उदाहरण से हम निष्कर्ष करते हैं कि भिन्न, संग्रह का एक भाग है।

अभ्यास 5.1

1) निम्नोक्त कौन से आकृतियों में समान साइज़ भाग बनाये गये हैं ?



@KTBS
NOT TO BE REPUBLISHED

2) निम्नलिखित आकृतियों में अवश्यक समान भागों में विभाजित करने एक रेखा खींचिए।



2 भाग   4 भाग   6 भाग   8 भाग

3) निम्नोक्त हर एक को भिन्न के रुप में लिखिए :

अ) आधा   फ) पाँच बटा बारह
ब) दो बटा तीन   ग) आठ बटा नौ
स) दो बटा दस   ह) चार बटा नौ
द) पाँच बटा सात   ऐ) तीन बटा चार
ए) पाँच बटा सोलह   जे) दो बटा चार

4) हरेक भिन्न को शब्दों में लिखिए :

अ) $\frac{2}{5}$ ब) $\frac{3}{4}$ स) $\frac{7}{10}$ द) $\frac{11}{12}$ ए) $\frac{2}{3}$

फ) $\frac{4}{5}$ ग) $\frac{5}{8}$ ह) $\frac{3}{7}$ ऐ) $\frac{5}{6}$ जे) $\frac{7}{9}$

5) आकृति के कौन से भाग छायांकित बनाया है ?


अ


ब


स


द


ए


जे

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

6) खाली जगह भरिए :

अ) $\frac{1}{8}$ इस भिन्न में हर __________ है।

ब) $\frac{2}{5}$ भिन्न में अंश ________ है।

स) $\frac{1}{3}$ इस भिन्न मे 3 ________ है।

द) $\frac{1}{5}$इस भिन्न में 1 _________ है।

ए) भिन्न में, हर को _________ के नीचे लिखते है जैसे एक रेखा से अलग करते है।

7) निम्नोक्त आकृतियों में छायांकित भागों को भिन्न में लिखिए।

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

अ) 

ब) 

स) 

द) 

इ) 

8) निम्नोक्त आकृतियों में छायांकित भागों को भिन्न में लिखिए।




....

9) सूचनानुसार आकृतियों में रंग भरिए

उदाहरण रंग भरिए $\frac{3}{4}$



अ. रंग $\frac{1}{5}$



ब. रंग $\frac{2}{3}$



स. रंग $\frac{2}{9}$



10) निम्नोक्त भिन्न को रेखांकित कर प्रस्तुत कीजिए :

अ) 12 का $\frac{1}{3}$ क्या है ?



ब) 15 का $\frac{2}{5}$ क्या है ?



©KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

स) 21 का $\frac{2}{7}$ क्या है ?



11) भिन्नों को व्यक्त करने छायांकित कीजिए।

अ) $\frac{6}{11}$ ब) $\frac{7}{20}$ स) $\frac{8}{15}$







12) निम्नोक्त आकृतियों में कौन सी आकृति $\frac{4}{9}$ को निरूपित प्रस्तुत करती हैं?



आकृति 1



आकृति 2

आकृति 3



आकृति 4



आकृति 5



आकृति 6



आकृति 7

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

13) निम्नोक्त आकृति में कौन सी आकृति $\frac{5}{12}$ प्रस्तुत करती है ? कारण पर चर्च कीजिए।


a


b


c


d


e

14) समूहित भागों को भिन्न के रुप में प्रस्तुत कीजिए :

उदाहरण  $\rightarrow \frac{3}{4}$

अ) 

ब) 

स) 

NOT TO BE REPUBLISHED @KTBS

भिन्नों की तुलना

समान हर के भिन्नों की तुलना

उदाहरण 1

निम्नोक्त आकृतियों मे रंगीन भागों को देखिए :



$\frac{1}{7}$



$\frac{3}{7}$

क्या हरेक आकृति के रंगीन भाग समान आकार के हैं ?

यहा $\frac{1}{7}$ तो $\frac{3}{7}$ से छोटा है।

संकेतरुप से हम $\frac{1}{7} < \frac{3}{7}$ लिखते हैं।

दोनों भिन्नों में हर 7 समान है-अवलोकन कीजिए। अंश 1 अंश 3 से छोटा है। $\frac{1}{7} < \frac{3}{7}$

उदाहरण 2



$\frac{5}{8}$



$\frac{3}{8}$

यहाँ $\frac{5}{8}$ तो $\frac{3}{8}$ से बडा है।

हर तो दोनों मे समान है। अंश 5 अंश 3 उसे बडा है।

संकेत रुप से हम $\frac{5}{8} > \frac{3}{8}$

> इन उदाहरणों से हम निष्कर्ष करते हैं कि अगर भिन्नों में समान हर हों तो, तब
>
> i) अंश छोटा हो तो भिन्न का मूल्य भी छोटा है।
>
> ii) अंश बडा हो तो, भिन्न का मूल्य भी अधिक होता है।

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

2. समान अंश के भिन्नों की तुलना :

उदाहरण 1

निम्नोक्त आकृतियों में छायांकित भागों को देखिए :

$\frac{3}{5}$ $\frac{3}{8}$

छायांकित भागों में से बडा कौन सा है ?

$\frac{3}{5}$ यह $\frac{3}{8}$ से बडा है।

उदाहरण 2

छायांकित भागों में से बडा कौन सा है ?



$\frac{2}{6}$ $\frac{2}{4}$

$\frac{2}{4}$ यह $\frac{2}{6}$ से बडा है।

संकेत रुप में हम $\frac{2}{4} > \frac{2}{6}$ लिखते हैं।

इन दोनों उदाहरणों में अंश तो समान ही है। हम देखते हैं कि एक भिन्न जिसका हर छोटा है वह बडा है।

हम निष्कर्ष कर सकते हैं कि अगर भिन्नों में समान अंश हो तो तब
i) हर बडा हो तो, भिन्न का मूल्य छोटा रहता है।
ii) हर छोटा हो तो, भिन्न का मूल्य बडा रहता है।

उदाहरण

1) $\frac{4}{9}$ से $\frac{4}{13}$ छोटा है।

$\frac{4}{13} < \frac{4}{9}$

2) $\frac{5}{9}$ से $\frac{5}{7}$ बडा है।

$\frac{5}{7} > \frac{5}{9}$

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

अभ्यास 5.2

खाली जगहों को '>' या '<' संकेतों का उपयोग करके भरिए :-

1) $\frac{3}{5} \square \frac{3}{7}$ 2) $\frac{9}{15} \square \frac{9}{11}$ 3) $\frac{4}{7} \square \frac{4}{5}$

4) $\frac{5}{12} \square \frac{7}{12}$ 5) $\frac{6}{17} \square \frac{3}{17}$ 6) $\frac{5}{19} \square \frac{11}{19}$

7) $\frac{12}{21} \square \frac{12}{15}$ 8) $\frac{11}{17} \square \frac{11}{15}$ 9) $\frac{6}{11} \square \frac{6}{15}$

10) $\frac{14}{23} \square \frac{5}{23}$ 11) $\frac{17}{20} \square \frac{12}{20}$ 12) $\frac{11}{15} \square \frac{8}{15}$

समतुल्य भिन्न

उदाहरण 1

केक (Cake) के विभाजन को विभिन्न रीतियों से किया गया है। अवलोकन कीजिए :-



सभी आकृतियों का छायांकित भाग आकार में समान हैं

हम देखते हैं कि हर एक आकृति का आधा भाग छायांकित है।

$\therefore \ \frac{1}{2} = \frac{2}{4} = \frac{4}{8}$

इन भिन्नों को **समतुल्य भिन्न** कहते हैं।

समान मूल्य सूचित करनेवाले भिन्नों को समतुल्य भिन्न कहते हैं।

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

उदाहरण 2

निम्नोक्त आकृतियों का अवलोकन कीजिए :-



$\therefore \frac{1}{3} = \frac{2}{6} = \frac{3}{9} = \frac{4}{12}$

$\frac{1}{3} = \frac{1}{3} \times \frac{2}{2} = \frac{1 \times 2}{3 \times 2} = \frac{2}{6}$; $\frac{1}{3} = \frac{1}{3} \times \frac{3}{3} = \frac{1 \times 3}{3 \times 3} = \frac{3}{9}$;

$\frac{1}{3} = \frac{1}{3} \times \frac{4}{4} = \frac{1 \times 4}{3 \times 4} = \frac{4}{12}$ इत्यादि ....

इस प्रकार समतुल्य भिन्नों को प्राप्त करने के लिए भिन्न के अंश और हर को उसी संख्या से (शून्य से अन्य) गुण कीजिए।

उदाहरण 1 : $\frac{3}{7}$ के दो समतुल्य भिन्नों को लिखिए :

$\frac{3}{7} = \frac{3}{7} \times \frac{2}{2} = \frac{3 \times 2}{7 \times 2} = \frac{6}{14}$; $\frac{3}{7} = \frac{3}{7} \times \frac{3}{3} = \frac{3 \times 3}{7 \times 3} = \frac{9}{21}$

$\therefore \frac{3}{7} = \frac{6}{14} = \frac{9}{21}$

भिन्नों के समतुल्यांक का परीक्षण

उदाहरण 4 : a) $\frac{3}{4}$ और $\frac{9}{12}$

$\frac{3}{4} \times \frac{9}{12}$ (वज्रगुणनफल)

$3 \times 12 = 36$

$4 \times 9 = 36$

$36 = 36$

$\therefore \frac{3}{4} = \frac{9}{12}$

$\frac{3}{4}$ तो $\frac{9}{12}$ का समतुल्य है

b) $\frac{2}{7}$ और $\frac{6}{18}$

$\frac{2}{7} \times \frac{6}{18}$ (वज्रगुणनफल)

$2 \times 18 = 36$

$7 \times 6 = 42$

$36 \neq 42$

$\frac{2}{7} \neq \frac{6}{18}$

$\frac{2}{7}$ तो $\frac{6}{18}$ का समतुल्य नही है

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

हम निष्कर्ष करते हैं कि दत्त दो भिन्नों में

1) अगर दोनों भिन्नों को क्रास (Cross) गुणन करें जो गुणनफल समान रहते हैं तब भिन्न समतुल्य होते हैं।

2) जब दोनों भिन्नों को क्रास गुणन करें और गुणनफल समान नहीं रहे तो भिन्न समतुल्य नहीं रहते ।

एक दत्त अंश और हर से समतुल्य भिन्न ज्ञात करना :

उदाहरण 5 : अ) $\frac{2}{5} = \frac{\square}{15}$

$$\frac{2}{5} = \frac{2 \times \boxed{3}}{5 \times 3} = \frac{\boxed{6}}{15}$$

ब) $\frac{3}{7} = \frac{12}{\square}$

$$\frac{3}{7} = \frac{3 \times 4}{7 \times \boxed{4}} = \frac{12}{\boxed{28}}$$

अभ्यास 5.3

I. श्रेणी पूर्ण कीजिए :

1) $\frac{2}{3} = \frac{4}{6} = \frac{\square}{9} = \frac{8}{\square}$

2) $\frac{5}{7} = \frac{\square}{14} = \frac{15}{\square} = \frac{\square}{42}$

II. अगले 3 समतुल्य भिन्नों को लिखिए :

1) $\frac{2}{5}, \frac{4}{10}$, ..., ..., ...

2) $\frac{3}{8}, \frac{6}{16}$, ..., ..., ...

3) $\frac{9}{11}, \frac{18}{22}$, ..., ..., ...

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

III. क्या दत्त दोनों भिन्न समतुल्य हैं ?

1) $\frac{3}{5}$ और $\frac{18}{30}$

2) $\frac{12}{17}$ और $\frac{8}{20}$

3) $\frac{2}{7}$ और $\frac{7}{21}$

4) $\frac{5}{11}$ और $\frac{25}{55}$

IV. $\frac{4}{7}$ का एक समतुल्य भिन्न ज्ञात कीजिए जिसके

1) अंश में 16 रहे

2) अंश में 24 रहे

3) हर में 21 रहे

4) हर में 84 रहे

भिन्नों का सरलीकरण

उदाहरण 1

समतुल्य भिन्नों को देखिए :



$$\frac{1}{2}=\frac{2}{4}=\frac{4}{8}\ ;\quad \frac{1}{2}=\frac{1\times2}{2\times2}=\frac{2}{4};\quad \frac{1}{2}=\frac{1\times4}{2\times4}=\frac{4}{8}$$

∴ हम इनको ऐसे लिख सकते हैं $\frac{4}{8}=\frac{2}{4}=\frac{1}{2}$

@KTBS
NOT TO BE REPUBLISHED

$\frac{2}{4}$ और $\frac{1}{2}$ को $\frac{4}{8}$ के समतुल्य भिन्न के रुप में कैसे प्राप्त कर सकते हैं ?

$$\frac{4}{8} = \frac{4}{8} \div \frac{2}{2} = \frac{4 \div 2}{8 \div 2} = \frac{2}{4}$$

$$\frac{4}{8} = \frac{4}{8} \div \frac{4}{4} = \frac{4 \div 4}{8 \div 4} = \frac{1}{2}$$

एक दत्त भिन्न के अंश और हर को उसी समान संख्या से (0 को छोड) विभाजित करके समतुल्य भिन्न को प्राप्त कर सकते हैं।

उदाहरण 2 : $\frac{3}{9} = \frac{3}{9} \div \frac{3}{3} = \frac{3 \div 3}{9 \div 3} = \frac{1}{3}$ इस तरह $\frac{3}{9} = \frac{1}{3}$

$\frac{8}{16} = \frac{8}{16} \div \frac{8}{8} = \frac{8 \div 8}{16 \div 8} = \frac{1}{2}$ इस तरह $\frac{8}{16} = \frac{1}{2}$

$\frac{8}{16} = \frac{8}{16} \div \frac{4}{4} = \frac{8 \div 4}{16 \div 4} = \frac{2}{4}$ इस तरह $\frac{8}{16} = \frac{2}{4}$

$\frac{8}{16} = \frac{8}{16} \div \frac{2}{2} = \frac{8 \div 2}{16 \div 2} = \frac{4}{8}$ इस तरह $\frac{8}{16} = \frac{4}{8}$

$\frac{15}{25} = \frac{15}{25} \div \frac{5}{5} = \frac{15 \div 5}{25 \div 5} = \frac{3}{5}$ इस तरह $\frac{15}{25} = \frac{3}{5}$

निम्न तर के भिन्न से सरलीकृत रुप पाने के लिए दत्त भिन्न के अंश और हर से उसी समान संख्या से विभाजित कीजिए।

इस उदाहरण में समतुल्य भिन्नों का मूल्य दत्त भिन्न के मूल्य के समान रहता है।

उदाहरण 3

भिन्न $\frac{36}{42}$ को उसके निम्नतम रुप के लिए अपघटित कीजिए।

$\frac{36}{42} = \frac{36}{42} \div \frac{2}{2} = \frac{36 \div 2}{42 \div 2} = \frac{18}{21}$ (अंश और हर दोनो को समान संख्या 2 से विभाजित किया गया है।)

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

क्या $\frac{18}{21}$ को और सरलतर रुप में अपघटित कर सकते हैं ?

$\frac{18}{21} = \frac{18}{21} \div \frac{3}{3} = \frac{18 \div 3}{21 \div 3} = \frac{6}{7}$ (समान संख्या 3 से दोनों को विभाजित कीजिए)

क्या आप $\frac{6}{7}$ को और सरलतर रुप में अपघटित कर सकते हैं ?

6 और 7 को विभाजित करनेवाली संख्या केवल 1 है। जब हम इस स्तर पर पहुँचते हैं तो निम्नतम रूप प्राप्त होता है।

या $\frac{36}{42} = \frac{36}{42} \div \frac{6}{6} = \frac{36 \div 6}{42 \div 6} = \frac{6}{7}$

1) एक भिन्न को उसके निम्मतम रुप में अपघटित करने को भिन्न का सरलीकरण कहते हैं।

2) एक दत्त भिन्न के सरलतम रुप प्राप्त करने के लिए अंश और हर को समान संख्या से निम्नतम रुप प्राप्त करने तक विभाजित करते जाइए।

अभ्यास 5.4

इन में हर एक को उसके निम्नतम रुप तक अपघटित कीजिए :

1) $\frac{8}{16}$ 2) $\frac{5}{10}$ 3) $\frac{54}{108}$ 4) $\frac{4}{20}$ 5) $\frac{3}{15}$

6) $\frac{12}{16}$ 7) $\frac{9}{27}$ 8) $\frac{36}{48}$ 9) $\frac{24}{56}$ 10) $\frac{24}{72}$

@KTBS
NOT TO BE REPUBLISHED

अध्याय- 6

कोण

इस अध्याय के अध्ययन करने के बाद आप

- मुडे कागज, लकडी के टुकडे, घडी की सूईयों की सहायता से कोण का अर्थ समझ सकेंगे।
- आस पास के परिसर में संदर्भ और वस्तुओं को पहचान सकेंगे जहाँ कोण बनते है।
- विभिन्न कोणों को मापकर उनके नाम लिख सकेंगे।
- परिसर में बने लंबकोण, अधिक कोण, लघुकोण पहचान सकेंगे।
- ज्यामितिय पेटी के उपकरणों को पहचानकर उन्हें कुशल पूर्वक उपयोग कर सकेंगे।
- लंबकोण, लघुकोण और अधिक कोण का पता लगाकर कोण बना सकेंगे।

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

आईए कुछ दैनिक गतिविधियों को ध्यान से देखते है।

- जब आप मार्च पास्ट करने के लिए पंक्ति में खडे हैं, आज्ञा अनुसार बायीं ओर दायीं ओर मुडते हो। मुडते समय क्या आप कह सकते है कि आप कितने मुडते हैं ?



- पानी प्राप्त करने, नल को कितना घुमायेंगें ?



- क्या आपने पंखे का नियंत्रक (regulator) ध्यान से दैखा है ? पंखे की चाल कम अथवा अधिक करने हमें नियंत्रक को घुमाना होता है। चित्र में नियंत्रक को '0' से '3' तक घुमाया गया है। इस घुमाव का माप क्या है ?



- बस चालक (ड्राइवर) बस का पहिया घुमाते है। इस पहिये के घुमाव को कैसे माप सकते हैं।

कोण :



- एक घडी की मिनिट की सूई चित्र में दर्शाये जैसे 10 मिनिट में घुमाती है। यहाँ सुई की घुमाव को "कोण" द्वारा सूचित कर सकते हैं। इस कोण के, एक सामान्य बिन्दु पर दो भुजायें हैं।

विभिन्न ज्यामितिया आकृतियों में बने कोण ध्यान से देखिए।



उपरोक्त आकृतियों में, रेखाओं से कुछ कोण सूचित किये गये हैं। अन्य कोणों को रेखायें खींचकर पहचानिए।

©KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

परिसर और हमारे दैनिक गतिविधियों में हम एसे ही कोण देखते हैं। **निम्नलिखित आकृतियों में कोण पहचानकर अंकित कीजिए।**





कार्यकलाप : गत्ते के टुकडे को वृत्तीय आकार में काट लीजिए। केन्द्र को O से अंक्ति कीजिए। एक प्लास्टिक लकडी लीजिए और उसे केन्द्र से पारित कीजिए। लकडी के लंबाई OA अंकित करते है। अब प्लास्टिक लकडी को घुमाइए। लकडी की लंबाई को OB अंकित कीजिए। लकडी A बिन्दु से B बिन्दु तक गतिशील है और अपना स्थान O नहीं बदला है। लकडी की इस गति को कोण कहते है।



एक कोण के दो किरण होते है और एक सामान्य अन्तिम बिन्दु होती है।

एक कोण का निरुपण

यहाँ OA और OB दो किरणें हैं। ये कोण की दो भुजायें हैं। 'O' बिन्दु को कोण का शीर्ष कहते है कोण को '|___ ' या '∧' संकेत से सूचित करते है और अंग्रेजी के बडे अक्षरों से अंकित करते है।

उपरोक्त आकृति में AOB कोण है। हम कोण AOB को |AOB अथवा |BOA से सूचित करते हैं। बीच का अक्षर शीर्ष सूचित करता है।

इसे जान लीजिए : "**angle**" (कोण) यह शब्द ग्रीक शब्द Angiloose से बनाया गया है। Angiloose का अर्थ वक्र, तिरच्छा अथवा सरल नहीं होता है। पैर और पग के बीच की जगह को "**ankle**" कहते हैं।

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

पार्श्व आकृति XYZ एक कोण है। उसे $\angle XYZ$ अथवा $\angle ZYX$ से सूचित करते है।

$$X\hat{Y}Z \text{ or } Z\hat{Y}X$$



पार्श्व आकृति में $\angle PSQ$, $\angle QRS$ और $\angle PSR$ तीन कोण बने हैं।



स्वयं करके देखिए : एक मोठे कागज का टुकडा लीजिए और आकृति में दर्शाये जैसे मोडिये। M अक्षर का आकार दीजिए। बने कोणों को ध्यान से देखिए। जब आप बाहरी ओर से फैलाइए। आप देखते है कि इन मोडों में कोण बडे हो जाते हैं।



इसीतरह कागज को V, L, E, N, T, Z इत्यादि रुप में मोडिए। इनमें बने कोणों को ध्यान से देखिए ।

कागज को भिन्न रुपों में मोडकर इनमें बने कोणों को ध्यान से देखिए।

NOT TO BE REPUBLISHED @KTBS

अभ्यास 6.1

1) आपके आसपास के परिसर को ध्यान से देखिए और उन सभी संदर्भों की सूची बनाए जिनमें कोण बनते हैं।
2) निम्न योग मुद्राओं को करते समय बने कोणों को ध्यान से देखिए।

त्रिकोणासान

पार्श्वकोणासन

उपविशकोणासन



हालासन

3) पवन ने लकडियों को आकृति में दिखाये जैसे व्यवस्थित किया है। इन कोणों को ध्यान से देखिए और रेखांकित कीजिए।



4) निम्न आकृतियों में कोण, शीर्ष और भुजाऐं बताईए

उदाहरण



कोण - $\angle XYZ$

शीर्ष - Y

भुजाऐं - $\overrightarrow{YX}$ और $\overrightarrow{YZ}$



(a) (b) (c) (d)

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

कोण मापन

ममता के पास दो घडियाँ हैं। एक घडी समय बता रही 3 घण्टे 30 मिनिट, दूसरी घडी समय बता रही है 9 घण्टे 30 मिनिट कौनसी घडी के सुईयों के बीच बना कोण बडा है ?

इस प्रश्न का उत्तर देने के लिए आईए, हम कोण कैसे मापना जान लेते हैं। वृत्तीय गत्ते में, एक स्थान से प्रारंभ करते हुए सूई घुमाते जाईए। जब सूई अपने मूल स्थान वापिस आती है, एक चक्कर पूर्ण होता है। हम इस चक्कर को एक पूर्ण कोण कहते है। यह एक चक्कर एक पूर्ण वृत पूरा करता है। इस वृत की लंबाईमें 360 समान भाग बनाते है तो 360 कोण बनते है। इस प्रत्येक कोण को एक डिग्री कहते है। एक डिग्री को 1^0 से सूचित करते है। (इसे एक डिग्री पढते है) इस एक पूर्ण कोण का माप 360^0 होता है (360 डिग्री)



कोण मापक (Protractor)

वृत्तीय कागज के केन्द्र को अंकित कीजिए। चित्र में दिखाये जैसे कागज को केन्द्र के संग मोडिये। केन्द्र पर बने कोण का माप360^0 होता है। इसलिए उसका आधा 180^0 होना चाहिए । 180^0 के माप के कोण को सरल कोण कहते है। आपके ज्यामितिय पेटी में “कोण मापक” (Protractor) नाम का उपकरण है। इसके आकार देखिए। हम कोण का माप कोणमापक द्वारा कर सकते है। कोण मापक में बायीं ओर से दायीं ओर O से 180^0 तक और दायीं ओर से बायीं ओर O से 180^0 तक अंकित किया होता है।







इसे जान लिजिए : पूर्ण कोणमापक है जिनसे 360^0 का कोण माप सकते है।

NOT TO BE REPUBLISHED @KTBS

कोणमापक की सहायता से कोण मापने का विधान :

आईए, कोणमापक की सहायता से ∠ACB मापते है।



चरण :

1) चित्र में दिखाये जैसे कोणमापक को ∠ACB पर रखिए कोणमापक की 'O' बिन्दु कोण ∠ACB के शीर्ष बिन्दु 'C' से मेल खाना चाहिए। कोण की एक भुजा CB कोण मापक के आधार रेखा (0^0) से मेल खाना चाहिए।

2) अब 0^0 से उपर गिनना शुरु कीजिए। अर्थात CB भुजा से 10^0, 20^0, 30^0 गिनते जाईए। दूसरी CA भुजा कोणमापक के 60^0 से मेल खाता है। इसलिए ∠ACB का माप 60^0 है।

कार्यकलाप 1





रणजित ∠XYZ को 55^0 मापना है।

क्या वह सही है ? क्यों ?

आपने शिक्षक और मित्रों के साथ कोण मापने के चरणों के बारे में चर्चा कीजिए

> **सूचना :** एक कोण की दो भुजाऐं होती हैं। कोण मापने समय दो में से एक भुजा कोण मापक के शून्य रेखा से मेल खाना है तब कोण वही होना है।

कार्यकलाप 2 : गत्ते के टुकडे से एक कोणमापक तैयार कीजिए। इसे उपयोग कर कोणों को मापने का प्रयत्न कीजिए। अपने कठिनाइयों को मित्रों से चर्चा कीजिए।

NOT TO BE REPUBLISHED @KTBS

कोणों के प्रकार :

लंब कोण (Right angle)

निम्न कोणों को माप ज्ञात कीजिए।



सभी कोणों का माप 90^0 के बराबर है। 90^0 के माप के कोण को लंबकोण कहते है।

आकृति $\angle PQR = 90^0$. हम PQ को QR के लिए लंब कहते है।



कार्यकलाप 1 : एक वृत्तीय कागज को केन्द्र से संग मोडिए। कोण का माप 180^0 है। यदि आप वपिस एक बार मोडते है। परीक्षण कीजिए क्या आप 90^0 प्राप्त करते हैं।



कार्यकलाप 2 : आपने ज्यामितीय उपकरण पेटी से सेट स्क्वेर लीजिए उसके किनारों को अंकित कीजिए (जैसे चित्र में दिखाया गया है) परीक्षण कीजिए क्या आप 90^0 प्राप्त करते हैं।



हमारे आसपास लंबकोण बने अनेक संदर्भ देखते है।

उदाहरण : पुस्तक पन्नों के किनारों के बीच बना कोण, दिवार और फर्श के बीच बना कोण, फर्श और विकट (जो सीधा है) के बीच बना कोण इत्यादि।

©KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

लघु कोण अथवा न्यून कोण (Acute angle)



उपरोक्त कोणों को मापकर लिखिए। ये सभी कोण 90^0 से कम है अथवा लंबकोण से कम है। एसे कोण जिनका माप 90^0 से कम है न्यून कोण अथवा लघुकोण कहलाते हैं।

निम्न उदाहरणों को ध्यान से देखिए और लघु कोण अंकित कीजिए :

- दीवार को लगकर रखी हुई सीढी।

- कैंची की भुजाओं के बीच बना कोण।

- दीवार पर लगी तस्वीर।



@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

अधिक कोण (Obtuse angle)



उपरोक्त कोणों को मापकर लिखिए। इन सभी कोणों का माप 90^0 से अथवा लंबकोण से अधिक और सरल कोण (180^0) से कम हैं। एसे कोण जिनके माप 90^0 से अधिक और 180^0 से कम है अधिक कोण कहलाते है।

निम्न उदाहरणों को ध्यान से देखिए और अधिक कोण अंकित कीजिए :

- पंखे के 3 पंख होते है और दो ब्लेडस् के बीच बना कोण





- जब लडका हाथ ऊपर कर खडा हो तो उसके हाथों के बीच बना कोण

- इस आकृति में बने कोण।

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

घडी में बने कोण

घडी के घण्टे की सुई और मिनिट की सुई के बीच बने विभिन्न प्रकार के कोणों को आपने ध्यान से देखा है। घडी की सुईयों के बीच बने कोणों को ध्यान से देखिए जब निम्नलिखित समय दर्शाता है।



जब मिनिट की सुई एक पूर्ण चक्कर लगाती है तो 360^0 पूर्ण करती है। घण्टे की सुई 30^0 धूमती है। इस विचार पर आधारित निम्न प्रश्नों पर चर्चा कीजिए

- घडी में लिखे 12 अंकों में, एक अंक तथा उसके सबसे समीप अंक के बीच कौन सा कोण बनता है ?
- घडी जब 10 बज कर 30 मिनिट दर्शाती है तो सुईयों के बीच क्या कोण बनता है ?
- घण्टे और मिनिट की सुईयों के बीच दिन में कितने बार लंबकोण बनता है ?

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED



न्यून कोण



अधिक कोण

उसे उत्तर दीजिए -

उदाहरण :

1) निम्न आकृति में लंबकोण लाल रंग से, न्यून कोण हरे रंग से और अधिक कोण नीले रंग से अंकित कीजिए। उनकी संख्या भी लिखिए।



लंब कोन = ...

न्यून कोण = ...

अधिक कोण = ...



2) पक्षियों के चोंच के बीच के कोण को ध्यान से देखिए। पता लगाकर पहचानिए क्या वह लंब कोण, न्यून कोण, अथवा अधिक कोण है।

©KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

3) 'ANT' शब्द के प्रत्येक अक्षर में बनें विभिन्न कोण को अंकित कीजिए। प्रत्येक प्रकार के कोण की संख्या बताईए



लंब कोन = ...

न्यून कोण = ...

अधिक कोण= ....

4) ज्यामितिय उपकरण पेटी में सेट स्क्वेर के उपयोग से आकृति में दिखाये गये जैसे 90^0, 60^0, 45^0 के कोण बनाईएँ, कोणमापक से मापकर इसका सत्यापन कीजिए।



सोचिए : क्या सेट स्क्वेर की सहायता से आप 15^0, 75^0, 105^0 और 120^0 के कोण बना सकते हैं ? कैसे ?

©KTBS
NOT TO BE REPUBLISHED

अभ्यास 6.2

1) निम्न लिखित चित्रों में लंब कोण, लघुकोण और अधिक कोण अलग - अलग रंग से अंकित कीजिए।





2) निम्न लिखित कोणों को मापिए और प्रत्येक का माप लिखकर उनके प्रकार लिखिए :

a)



b)



c)



d)



e)

@KTBS
NOT TO BE REPUBLISHED

f)



3) आपके कक्षा में बने लघुकोण, अधिक कोण, और लंबकोण ध्यान से देखिए और उनकी सूची बनाइए।
उदाहरण : श्यामपट के किनारों के बीच बना कोण - लंब कोण

4) अंग्रेजी के बडे अक्षरों में आपका नाम लिखिए और उनमें बनें न्यूनकोण, अधिक कोण, और लंबकोण पहचानकर उनकी सूची बनाइए।

5) मापनी के उपयोग से छः कोणों की रचना कीजिए। प्रत्येक का माप कोण मापक से मापकर उनके प्रकार लिखिए।

6) निम्न लिखित घडियों के सुईयों के बीच बनें कोणों को पहचानकर उनके नाम लिखिए।

a) b) c) d) e)

7) सही उत्तर चुनिये

a) अधिक कोण का प्रकार

1) 90^0 2) 53^0 3) 178^0 4) 180^0



b) निम्न चित्र में बनें लंबकोण, न्यूनकोण और अधिक कोणों की संख्या है

1) 15, 4, 10 2) 4, 15,10

3) 10, 10, 4 4) 4, 5, 5

©KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

8) नीचे दिगई कोणों का वर्गीकरण करो.

16^0, 180^0, 88^0, 179^0, 45^0, 90^0, 100^0, 35^0, 142^0.

लघुकोण	काटकोण	विशालकोण	सरलकोण

9) नीचे दिगई कोणों का मापन ज्ञात करो. सत्यापन कीजिए. प्रकार का नाम लिखिए।

	लघुकोण	काटकोण	विशालकोण	सरळकोण
उदाः		110^0	120^0	लघुकोण
1.				

@KTBS
NOT TO BE REPUBLISHED

2.				
3.				

10) नीचे दिगई आकृतियों का कोणों का माप कीजिए। निम्न कोणों का योग ज्ञात कीजिए।

 कोण 1 **+** कोण 2 = ________ + ________ = ________	 कोण 1 **+** कोण 2 **+** कोण 3 = ______ + ______ + ______ = ________

©KTBS
NOT TO BE REPUBLISHED

●●●

अध्याय - 7

वृत्त

इस अध्याय के अध्ययन करने के बाद आप

- ज्यामितिय उपकरण पेटी के उपकरणों को पहचान सकेंगे।
- आवश्यकता अनुसार ज्यामितिय उपकरणों को उपयोग करने की कुशलता प्राप्त कर सकेंगे।
- वृत्त का अर्थ समझा सकेंगे।
- दिये माप के वृत्त त्रिज्या की सहायता से रचना कर सकेंगे।

कार्यकलाप 1 : चूडी, प्लेट (थाली) सिक्का इत्यादि वृतीय वस्तुओ का उपयोग कर वृत्त खींचिए। इन वृत्तों के केन्द्र पहचानिए। क्या निश्चित रुप से इन वृत्तों के केन्द्र पहचान सकते है ?

कार्यकलाप 2 : 1 से. मी, 2.5 से.मी, 4.2 से.मी और 6 से.मी की त्रिज्या के वृत्त चूडी, थाली, सिक्का के उपयोग कर खींचिए। क्या परिशुद्धता आप खींच सकते है ? क्यों ?

चर्चा कीजिए।

आइए दिये हुए माप के वृत्तों की रचना करना सीखें।

इसे सीखने पूर्व, आईए पहले यह जान लेते हैं। इसके लिए कौन से उपकरण अवश्यक है।

ज्यामितिय उपकरण पेटी
(Geometrical instrument box.)

ज्यामितिय उपकरण पेटी में विभिन्न उपकरण समाविष्ट जो विविध आकृतियों की रचना करने में सहायक है।



@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

उपकरण का नाम और उसका उपयोग निम्न तालिका में दिया गया है।

उपकरण का नाम	उपकरण की आकृति	उपकरण के उपयोग
मापनी (स्केल)		a) सरल रेखा और रेखा खण्ड खींचने में b) रेखाखण्ड की लंबाई मापने
परकार		रेखाखण्ड की लंबाई परिशुद्धता से जानने में
(कंपास) त्रिज्या		दिये त्रिज्या के माप का वृत्त बनाना
कोणमापक(चांदा)		कोण मापने
सेट स्क्वेर		a) लंबकोण खींचना और मापना b) समांतर रेखाएँ और लंब रेखाएँ खींचना

@KTBS
NOT TO BE REPUBLISHED

कार्यकलाप :

1) आपके शिक्षक के साथ ज्यातिनिय उपकरणों का उपयोग परिशुद्धता कैसे करना जान लीजिए। विभिन्न चित्रों को बनानें में उनका उपयोग कीजिए।

उदाहरण :



2) आपके शिक्षकों से श्यामपट पर ज्यातितीय आकृतियों को खींचने में उपयोग किये उपकरणों को ध्यान से देखिए। आपके उपकरणों में तथा उनके उपकरणों में क्या अंतर है ?

वृत्त

वृत्त एक बंद समतल आकृति है। वृत्त पर स्थित बिन्दू एक निश्चित बिन्दू से समान दूरी है। इस निश्चित बिन्दू को वृत का केन्द्र कहते हैं। आकृति में, 'O' वृत का केन्द्र कहलाता है। 'A' वृत्त पर स्थित एक बिन्दू है। इसीतरह B, C और D भी वृत्त पर स्थित बिन्दुऐं हैं। हम वृत्त पर चाहे जितने बिन्दु अंकित कर सकते है। OA एक रेखाखण्ड है जो केण्द्र 'O' और वृत्त के एक बिन्दु 'A' से जुडता है। OA वृत्त की त्रिज्या है।



कार्यकलाप : B, C, D विन्दुओं को वृत्त केन्द्र से मिलाइए। OB, OC और OD वृत्त की त्रिज्याएँ हैं। मापनी के उपयोग से इनकी लंबाई मापिये और लिखिए ।

OA = ... से.मी, OB = ... से.मी, OC = ... से.मी, OD = ... से.मी.

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

इन मापों से आपको क्या मालूम पडता है ? सभी त्रिज्याएँ समान है। त्रिज्या को 'r' अक्षर से सूचित करते है। आकृति में त्रिज्या r = ... से.मी.

ध्यान दीजिए :

- प्रत्येक वृत्त का एक केन्द्र होता है और निश्चित माप की त्रिज्या होती है।
- केन्द्र और त्रिज्या वृत्त के फभाग नहीं है। वे वृत्त का आस्तित्व बताते है।

आकृति में, 'X' वृत्त का केन्द्र है। 'Y' वृत्त की एक बिन्दु है। XY वृत्त की त्रिज्या है और उसे 'r' से सूचित करते है। त्रिज्या 'r' = 2 से.मी.



NOT TO BE REPUBLISHED ©KTBS

अभ्यास 7.1

I. निम्नों योग्य उत्तरों से पूर्ण कीजिए।

a) वृत्त के केन्द्र और वृत्त के किसी बिन्दु के बीच दूरी को वृत्त की ________ कहते हैं।

b) दिये हुए आकृति में,

1) ________ वृत्त का केन्द्र है।

2) वृत्त की त्रिज्या की ________ रेखखण्ड से सूचित करते हैं।

3) ________ वृत्त की त्रिज्या है।



II. सही कथन को '✓' से और गलत को '✗' से अंकित कीजिए।

a) वृत्त में. एक ही त्रिज्या खींच सकते है। (__________)

b) एक वृत्त के सभी त्रिज्याएँ समान होती है (__________)

c) वृत्त का एक ही केन्द्र है। (__________)

d) आकृति में,

(i) OC त्रिज्या का माप हैं (__________)

(ii) AB त्रिज्या है (__________)



III. i) निम्न लिखित चित्रों में वृत्त, त्रिज्या और वृत्त का केन्द्र पहचानिए :

a)



b)



c)



d)



@KTBS
NOT TO BE REPUBLISHED

ii) आकृति (a) में कितने वृत्त है ? क्या सब का केन्द्र एक है ? ....

iii) आकृति (c), घण्टे दर्शानेवाली सुई की लंबाई .... वृत्त की त्रिज्या है।

iv) आकृति (c) मिनिट दर्शानेवाली सुई की लंबाई .... वृत्त की त्रिज्या है।

v) आकृति (d) में कौन से बैल को बंधी रस्सी वृत्त की त्रिज्या है ? ....

IV. आपके आस पास रहे वृत्तीय वस्तुओं को पहचानिए। निम्न लिखित वृत्तों के त्रिज्या की लंबाई मापकर, दिये हुए जगह में लिखिए।



@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

दिये त्रिज्या के माप के वृत्त की रचना करना :

परकार की सहायता से वृत्तों की रचना करना आपने सीखा है। केवल परकार (त्रिज्या) के उपयोग विभिन्न त्रिज्या के वृत्तों की रचना कीजिए।

आइए अब हम 2 से.मी त्रिज्या के वृत्त की रचना करते है।

रचना करने के चरण :

1) वृत्त केन्द्र 'o' अंकित कीजिए।

2) आकृति में दिखाये गये जैसे है। आपके परकार की सूई और पेन्सिल की नोक को मापनी पर रखिए ताकि 2 से.मी. का माप प्राप्त हो,



अपके शिक्षक के साथ चर्चा कीजिए :

* परकार को पकडने का सुविधाजनक विधान

* वृत्त की रचना करते समय याद रखने की सावधानियाँ।

3) परकार की सूई को 'O' पर रखिए, परकार के माप को बिना बदले, एक वृत्त खींचिए



4) वृत्त पर कोई बिन्दु ‘P’ अंकित कर लीजिए। OP मिलाइए। OP त्रिज्या का माप लिखिए।



NOT TO BE REPUBLISHED
© KTBS

कार्यकलाप :



रीटा को 4 से.मी. त्रिज्या का वृत्त बनाना है। परन्तु उसकी मापनी टूटी है। उसने परकार की सुई को चित्र में दिखाये जैसे अपने टूटे मापनी पर रखती है। क्योंकि उसे 4 से.मी त्रिज्या का वृत्त बनाना है, पोन्सिल की नोक उसे कौन से बिन्दु रखना चाहिए बिन्दु अंकित कर के दिखाइए ताकि उसे सरल रेखा खींचने मदद मिलें।

अभ्यास 7.2

1) निम्न त्रिज्या के वृत्तों की रचना कीजिए :

a) 1 से.मी. b) 2.5 से.मी. c) 3 से.मी.

d) 3.5 से.मी e) 3.7 से.मी

2) निम्न लिखित आकृतियों में दिये हुए त्रिज्या के वृत्त बनाना है। इसलिए विद्यार्थियों ने परकार को दर्शाये गये जैसे मापनी पर रखा है। यदि उन्होंने परकार सही रखा तो '✓' रखिए अगर गलत हो '✗' संकेत लगाइए। सही माप लेकर आप नोट बुक में वृत्तों की रचना कीजिए।

a)



6 से.मी. [ ]

b)



4.5 से.मी. [ ]

c)



5 cm [ ]

d)



3.3 cm [ ]

NOT TO BE REPUBLISHED ©KTBS

3) कोई 'o' बिन्दु अंकित कीजिए। 'o' केन्द्र मानकर 2 से.मी., 3 से.मी. 4 से.मी. 5 से.मी. त्रिज्या के वृत्त बनाइए।

स्वयं कीजिए :

- परकार की सहायता से बहुत छोटे और बहुत बडे वृत्त खींचिए और उनकी त्रिज्या मापिये।
- आपके नोट बुक में सब से बडे वृत्त की त्रिज्या क्या होगी ?
- रंगीन कागजों पर भिन्न त्रिज्याओं के वृत्त खींचिए। उन्हें एक के उपर एक व्यवस्थित कीजिए।
- आपके शिक्षक से उपयुक्त परकार से श्यामपट और फर्श पर विभिन्न त्रिज्या के वृत्त खींचिए।
- धागों, वायर, मापने उपयुक्त टेप की सहायता से फर्श पर और मैदान पर विभिन्न त्रिज्या के वृत्त खींचिए।

©KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

- क्या पुट्टू, किट्टूसे दिये उपकरण से वृत्त खींच सकता हैं ?
- क्या आप कोण मापक की सहायता से वृत्त खींच सकते हैं ? कैसे ?

अध्याय- 8

लंबाई

इस अध्याय के अध्ययन करने के बाद आप,

- दैनिक जीवन में वस्तुओं की लंबाई पहचान सकेंगे।
- लम्बी इकाई तथा छोटी इकाई की लंबाई की तुलना कर उनके बीच संबंध ज्ञात कर सकेंगे।
- दैनिकजीवन की समस्याओं का विश्लेषण कर उनको हल कर सकेंगे।

रमेश ने एक क्रिकेट भल्ला खरीदा। वह भल्ले की लंबाई जानना चाहता था। उसने हाथ से लंबाई जान ली। वह हाथ की लंबाई की दुगुनी थी। उसके सहपाठी रॉबर्ट ने भी लंबाई मापी। वह उसके हाथ की लंबाई की 4½ गुनी थी। यह कैसे संभव है।

क्या एक ही वस्तु की दो लंबाईयां हो सकती हैं ? तो लंबाई मापने का सही विधान क्या है ?

पिछली कक्षाओं में आपने विभिन्न वस्तुओं की लंबाई, हाथ अथवा पैर की इकाई मानकर मापा था। परन्तु यह सभी मापने के मानक इकाइयाँ नहीं है।

जब हम अपमानक (non-standard) इकाइयाँ उपयोग करने पर मापन में अंतर होता है। अत: वस्तुओं की सही लंबाई जानने हमे मानक इकाई की आवश्यकता होती है।

वस्तुओं की लंबाई मापने की मानक इकाई 'मीटर' है। मीटर को 'मी' (m) से सूचित करते है।

लंबी दूरियाँ मापने की मानक इकाइयाँ डेकामीटर, हैक्टोमीटर और किलोमीटर है।

छोटी दूरियाँ मापने की मानक इकाइयाँ डेसीमीटर, सेन्टीमीटर और मीलीमीटर है।

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

आइए इन मानक इकाइयों के बारे में अधिक जान लें। सामान्यतः डेका, हेक्टो, किलो, डेसी, सेंटी और मिली 'मीटर शब्द के पूर्व प्रत्यय के रुप में उपयोग करते हैं। यह इकाइयों के भाग के मूल्य सूचित करते है। इसलिए, हमें पहले इन इकाइयों का अर्थ समझ लेना चाहिए।

लंबी दूरी की मानक इकाइयाँ	छोटी दूरी की इकाइयाँ
↓	↓
मीटर	मीटर
डेका = 10 गुना	डेसी = $\frac{1}{10}$ भाग
हेक्टो = 100 गुना	सेण्टी = $\frac{1}{100}$ भाग
किलो = 1000 गुना	मिली = $\frac{1}{1000}$ भाग

एक मीटर के साथ लंबाई की बडे मानक इकाइयों की तुलना

10 मीटर दस गुना	=	10 मीटर	=	1 डेकामीटर
100 मीटर का सौ गुना	=	100 मीटर	=	1 हेक्टोमीटर
1000 मीटर का हजार गुना	=	1000 मीटर	=	1 किलोमीटर

एक मीटर के साथ लबांई की छोटी इकाइयों की तुलना

1 मीटर का $\frac{1}{10}$ मी	=	$\frac{1}{10}$ मीटर	=	1 डेसिमीटर
1 मीटर का $\frac{1}{100}$ मी	=	$\frac{1}{100}$ मीटर	=	1 सेंटिमीटर
1 मीटर का $\frac{1}{1000}$ मी	=	$\frac{1}{1000}$ मीटर	=	1 मिलिमीटर

दैनिक जीवन में उपयोगी लंबाई की सामान्य मानक इकाइयाँ की तुलना

1 कि.मी = 1,000 मी	1 सें.मी = 10 मि.मी.
1 मी = 100 सें.मी	

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

लंबाई को एक इकाई से दूसरे में परिवर्तन करना

लंबाई की बडी इकाई से छोटी इकाई में परिवर्तन करने के लिए हमें गुणा करना चाहिए

नियम :

किलोमीटर से मीटर में परिवर्तन करने 1000 से गुणा कीजिए।

मीटर से सेण्टीमीटर में परिवर्तन करने 100 से गुणा कीजिए।

सेण्टीमीटर से मिलीमीटर में परिवर्तन करने 10 से गुणा कीजिए।

सूचना : लंबाई की बडी इकाइयों को छोटी इकाइयों में परिवर्तित करने के लिए हमें गुणा करना चाहिए।

निम्नलिखित उदाहरण देखिए :

उदाहरण 1 : कितने मीटरों से 2 किलो मीटर बनता है ?

1 किलो मीटर = 1000 मी

$\therefore$ 2 कि. मी. = 1000 $\times$ 2 = 2000 मीटर

उदाहरण 2 : कितने सेण्टीमीटर मिलकर 4 मीटर बनते हैं ?

1 मीटर = 100 से. मी.

4 मीटर = 100 $\times$ 4 = 400 से. मी.

उदाहरण 3 : कितने मिलीमीटर मिलकर 12 से.मी. बनते हैं ?

1 से.मी = 10 मि.मी.

12 से.मी = 10 $\times$ 12 = 120 मी.मी.

लंबाई की छोटी इकाइयों से बडी इकाई में परिवर्तन करने के लिए भाग देना चाहिए।

नियम :

मीटर से किलोमीटर में बदलने दी हुई संख्या को 1000 से भाग दीजिए।

सेण्टीमीटर से मीटरमें बदलने100 से भाग दीजिए।

मीलीमीटर से सेण्टीमीटर में बदलने 10 से भाग दीजिए।

सूचना : लंबाई की छोटी इकाइयों को बड़ी इकाइयों में परिवर्तित करने के लिए हमें भाग करना चाहिए।

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

दिये हुए उदाहरणों को देखिए।

उदाहरण 4 : 3000 मीटर को किलोमीटर में बदलिए :

